हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 22 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 'सभी ब्लॉकों में सिरपुर पैटर्न के एक-एक मिनी...



08 नेमित गांव की नारी शक्ति आर-पार के मूड में, अवैध शराब...



खबर संक्षेप

अनुराग परसाई बने डोलरिया के अध्यक्ष

नर्मदापुरम। सामान्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग सपाक्स स्पीक संस्था के जिला इकाई नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष के एन त्रिपाठी ने अनुराग परसाई निवासी डोलरिया को तहसील डोलरिया क्षेत्र का तहसील अध्यक्ष बनाया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि 7 दिवस में कार्यकारणी का गठन किया जाए। सामान्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग सपाक्स स्पीक संस्था का विस्तार विकासखंड और तहसील स्तर पर हो रहा है । इसी के चलते श्री परसाई जल्द डोलरिया क्षेत्र में कार्यकारिणी का गठन करेंगे। इसके साथ ही जिले में अन्य जगह भी इसी प्रकार सपाक्स स्पीक संस्था के पदाधिकारी बनाए जाने पर भी विचार किया जा रहा है।

भाषण प्रतियोगिता में अनुभव तिवारी प्रथम

नर्मदापुरम। शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकसित भारत बनाने में नागरिकों के योगदान पर जोर देकर माखन नगर के अनुभव तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सीएम हेल्पलाइन में खराब रैंकिंग वाले विभागों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

सप्ताह में निर्धारित तिथियों पर फील्ड पर सक्रिय रहें पटवारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रान ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की व निर्देश दिये।



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बीमा से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबंधित एसडीएम एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बीमा कंपनी द्वारा पात्र किसानों को बीमा राशि प्रदान नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

पात्र किसानों को दिलाएं फसल बीमा की राशि

कलेक्टर ने फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बीमा से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबंधित एसडीएम एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बीमा कंपनी द्वारा पात्र किसानों को बीमा राशि प्रदान नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

सभी विभागों से समन्वय बनाएं अधिकारी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन करने वाले तथा ए कैटेगरी से नीचे आने वाले विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबंधित शिकायतों की अधिक संख्या पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा विभाग की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

तहसीलदारों को फील्ड पर भेजा जाए

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को लक्षित करते हुए संबंधित तहसीलदारों के साथ टीमों को फील्ड में भेजा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पटवारी सप्ताह में निर्धारित तिथियों पर अपने-अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर राजस्व कार्यों का संपादन करें। एसडीएम नियमित समीक्षा कर उपस्थिति एवं कार्यप्रगति सुनिश्चित करें। साथ ही स्वामित्व योजना के अंतर्गत आरओआर एंट्री एवं प्रकाशन की कार्यवाही समय-सीमा में करने के निर्देश दिए।

दो बच्चों संग घर से निकली महिला को जीआरपी ने खोजा

परिजन को सौंपकर दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

'ऑपरेशन हमदर्द' के तहत इटारसी जीआरपी पुलिस ने दो मासूम बच्चों के साथ घर से बिना बताए निकली महिला को करीब पांच घंटे की तलाश के बाद इटारसी चौपाटी के पास सकुशल खोज लिया। पुलिस ने महिला और दोनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, 20 सितंबर को जीआरपी कंट्रोल रूम भोपाल से सूचना मिली थी कि दमोह निवासी करीब 25 वर्षीय महिला दो बच्चों के साथ गोरखपुर एक्सप्रेस से जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से महिला की तलाश की। रात के अंधेरे और तेज बारिश के बीच टीम ने लगातार प्रयास कर महिला और बच्चों को सुरक्षित खोज निकाला। पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई में शामिल टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

इंद्रपुरा आंगनवाड़ी केंद्र में 'तिथि भोज' आयोजित

इटारसी। वार्ड क्रमांक 6 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र 66 (इंद्रपुरा) में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए 'तिथि भोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शोभा कन्नौजिया एवं रीना मालवीय द्वारा बच्चों को पौष्टिक अप्पे और ढोकले का वितरण किया गया, साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें विशेष रूप से तैयार आयरन युक्त चटनी भी परोसी गई।

न्यायालय परिसर इटारसी में स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश नर्मदापुरम श्रीमती तृप्ति शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार तथा जिला न्यायाधीश इटारसी एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आदित्य रावत के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर इटारसी में 19 एवं 21 सितंबर को दो दिवसीय वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ. सिमरनजीत सिंह (जनरल मेडिसिन), डॉ. अनिकेत सिंह, डॉ. वंदना मोरे एवं डॉ. हेमलता (दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने न्यायालयीन कर्मचारियों और अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बीपी, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और चिकित्सकीय सुझाव दिए गए।

जिला अस्पताल में दो घंटे चला स्वच्छता अभियान डेमेज पुलिया को सुधारा, दमकल से की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला अस्पताल में क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके चलते मुख्य द्वार पर नाली पर बनी पुलिया डेमेज हो जाने के कारण मुख्यद्वार का रास्ता बंद हो गया था। मरीजों और एम्बुलेंस के साथ ही स्टाफ को आने जाने में भारी दिक्कत हो रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल स्वच्छता दल सक्रिय हुआ और विशेष स्वच्छता अभियान के साथ दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद रास्ता चालू हो सका।

स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर में विशेष स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिला अस्पताल से सूचना मिलने के तत्काल बाद स्वच्छता टीम को एक्टिव किया गया। जिसका नेतृत्व रामसिंह कर रहे थे। जिला अस्पताल के मुख्यद्वार पर बनी पुलिया डेमेज हो जाने से गंदगी सड़क पर फैल रही है। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे ठीक कर दमकल के प्रेशर से वहां सफाई की गई। फिर मुख्यद्वार से आवागमन सुचारू हो सका।



सेवा संकल्प अभियानः नर्मदा कॉलेज में हुई चित्रकला प्रदर्शनी और चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' थीम पर चित्रकला प्रदर्शनी, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने चित्रकला प्रदर्शनी का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की।

छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण, प्रकृति, भारतीय त्योहार, खेती और विज्ञान सहित विभिन्न विषयों पर चित्रों के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना प्रस्तुत की। सांसद ने वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का आह्वान किया। इस दौरान एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया, जबकि विद्या वन में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, एनसीसी-एनएसएस कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शहर के प्रमुख इलाकों में सड़कों की हालत खराब, शीघ्र हो मरम्मत कार्य : राजा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इटारसी रेलवे जंक्शन के नए फुट ओवर ब्रिज से मालगोदाम तक जाने वाली सड़क की अत्यंत जर्जर स्थिति को लेकर जेडआरयूसीसी सदस्य राजा तिवारी ने मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल मंडल को पत्र लिखकर सड़क का शीघ्र निर्माण एवं सुधारीकरण कराने की मांग की है।

राजा तिवारी ने पत्र में बताया कि नए फुट ओवर ब्रिज के सामने से मालगोदाम तक जाने वाली सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क की खराब स्थिति के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिन यातायात बाधित होता है और कई बार आधे घंटे से लेकर एक घंटे तक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि इटारसी रेलवे जंक्शन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, ऐसे में स्टेशन से जुड़े प्रमुख मार्ग की सड़क का इस स्थिति में होना गंभीर समस्या है। उन्होंने डीआरएम से सड़क का शीघ्र निरीक्षण करवाकर आवश्यकतानुसार सीसी अथवा डामरीकरण सहित उपयुक्त निर्माण कार्य कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

बारह बंगले की सड़कों का भी हो शीघ्र निर्माण

राजा तिवारी ने पत्र में रेलवे कॉलोनी बारह बंगले क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया है। उन्होंने बताया कि बारह बंगले रेलवे कॉलोनी क्षेत्र की कई सड़कें भी अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं, जिससे रहवासियों एवं आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने डीआरएम से मांग की है कि बारह बंगले क्षेत्र की सड़कों का भी निरीक्षण करवाकर शीघ्र निर्माण एवं सुधारीकरण कराया जाए।

द चैम्प्स फन स्कूल में कलर वीक का शुभारंभ, बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के प्री-प्राइमरी विभाग में कलर वीक के प्रथम दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। पहले दिन लाल रंग की थीम पर आधारित विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। यूकेजी कक्षा की असेंबली में बच्चों ने एक्शन राइम्स प्रस्तुत कीं और बैलून, पेंट, बटरफ्लाई, मशरूम, स्ट्रॉबेरी एवं क्रैब जैसी लाल रंग की वस्तुओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही लेडीबग क्राउन क्राफ्ट गतिविधि में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से लाल रंग से भगवान गणेश जी की आकृति भी बनाई। आयोजन के दौरान बच्चों ने रंग पहचान, रचनात्मकता और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। कलर वीक का पहला दिन बच्चों के लिए सीख और आनंद से भरपूर रहा।

एसटीआर की टूरिज्म जोन मढ़ई में नाविक प्रशिक्षण हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा टाइगर रिजर्व्स एवं पर्यटन क्षेत्रों में कार्य करने वाले नविकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सोमवार से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई टूरिज्म जोन में शुरू हुआ है। बोर्ड संचालित नाविक प्रशिक्षण मढ़ई में 21 से 30 सितबर 2026 तक होगा।

नाविक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पन्ना टाइगर रिजर्व छतरपुर, ग्वालियर, सीहोर, खंडवा, सिवनी, शिवपुरी तथा नर्मदापुरम् के विभिन्न पर्यटन स्थलों से आए प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं को सुरक्षित एवं दक्षता के साथ नौका संचालन, जल सुरक्षा तथा प्राथमिक उपचार का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाना तय किया गया है।

सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उपरांत राष्ट्रीय जलक्रीड़ा संस्थान गोवा द्वारा लाइसेंस जारी किया जाएगा। सोमवार को कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सहायक संचालक सोहागपुर, राष्ट्रीय जलक्रीडा संस्थान गोवा के प्रशिक्षक मदन मोहन एवं परिक्षेत्र अधिकारी कामती उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण पर्यटन स्थलों पर सुरक्षित नौका संचालन, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता व पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

पोषण सप्ताहः गर्ल्स कॉलेज में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गृहविज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, सेवा संकल्प अभियान एवं नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय पोषण सप्ताह के तहत आयोजित शिविर में छात्राओं को पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता एवं दंत स्वास्थ्य के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा पहाड़िया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेसी येसुदास एवं पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. वृषाली गदरे ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। डॉ. ऋचा पहाड़िया ने मासिक धर्म स्वच्छता एवं संतुलित पोषण आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए फास्ट फूड से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने घर के पौष्टिक भोजन एवं श्रीअन्न (मिलेट्स) को दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी। वहीं, डॉ. प्रेसी येसुदास ने मुख एवं दंत स्वच्छता के संबंध में छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय आर्य ने संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित किया।

छात्राओं की हुई जाँच

शिविर के द्वितीय चरण में डॉ. वृषाली गदरे के निर्देशन में एएनएम दिव्या थॉमस एवं एएनएम दीपिका श्रोती द्वारा छात्राओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं वजन की जाँच निःशुल्क की गई। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व से अवगत कराना रहा।

नर्मदांचल में धूमधाम से मनाया गया राधाष्टमी पर्व

पंचवटी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ, श्रीकृष्ण कॉलोनी में गणेशोत्सव के साथ मनाया श्रीराधा रानी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चामुंडा चौराहा स्थित पंचवटी हनुमान मंदिर में पंचवटी सुंदरकांड महिला मंडल के तत्वावधान में राधा अष्टमी के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। ढोलक एवं मंजीरों की थाप पर राधा रानी, भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के भजनों की प्रस्तुति से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

पाठ के समापन पर हनुमान जी एवं राधा रानी की महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पंचवटी सुंदरकांड महिला मंडल द्वारा मंदिर परिसर की सुविधा के लिए 60 हजार रुपए की लागत से निर्मित लोहे की नई अलमारी का समर्पण किया गया। महिला मंडल के इस धार्मिक एवं सामाजिक सहयोग की उपस्थित भक्तों ने सराहना की और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

राधाष्टमीं का मनाया जन्मदिन

श्री कृष्ण कालोनी नर्मदापुरम में आज श्री गणेश महोत्सव में राधाअष्टमी के अवसर पर श्री राधा रानी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कालोनी के श्री प्रकाश दीवान राजेश माकवे मुकेश तिवारी नरेन्द्र सिह सोलंकी संतोष व्यास, गंगराडे जी सोनी जी कालोनी की समस्त महिलाए उपस्थित रहीं एवम बच्चे उपस्थित रहे। कु गीतिका तिवारी के द्वारा राधाकृपा कटाक्ष का गायन किया गया साथ समस्त उपस्थित जनो के द्वारा राधारानी के भजन प्रस्तुत किये गये।



हम अकेले पड़ जाएं, तब भी सत्य के साथ खड़े रहना ही सत्य धर्म है

महावीर भवन में बोलीं आर्यिका भावनामति माताजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

दसलक्षण महापर्व पर उत्तम सत्य धर्म का संदेश देते हुए महावीर भवन में आर्यिका संघ प्रमुख आर्यिका भावनामति माताजी ने कहा कि "सत्य बोल, चाहे जहां डोल।" पंक्ति भले ही छोटी हो, लेकिन इसके भीतर जीवन का बहुत बड़ा संदेश समाहित है।



उन्होंने कहा कि सत्य बोलना तब आसान होता है, जब सत्य बोलने से हमें कोई नुकसान न हो। जब सामने वाला अपना हो और जब सभी हमारी बात से सहमत हों, तब सत्य बोलना सरल लगता है। लेकिन जब सत्य बोलने से नुकसान होने की आशंका हो, लोग हमारे विरोध में खड़े हों और हम अकेले पड़ जाएं, तब भी सत्य के साथ खड़े रहना ही उत्तम सत्य धर्म है।

माताजी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति धन या रिश्तों के प्रभाव से कुछ समय के लिए असत्य को आगे कर दे तो क्या सत्य समाप्त हो जाता है? नहीं। पैसा देकर किसी के मुंह को कुछ समय के लिए बंद किया जा सकता है, लेकिन सत्य का मुंह कभी बंद नहीं किया जा सकता। कागज बदलने, बयान बदलने या सच्चाई को कुछ समय के लिए ढकने का प्रयास किया जा सकता है, लेकिन सत्य को मिटाया नहीं जा सकता।

खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही अंशदान ऋण शिविर का आयोजन

सारनी। सेवा संकल्प अभियान 2026 सेवा सेतु के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सारनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों हेतु अंशदान ऋण शिविर का आयोजन 22, 23 एवं 24 सितंबर 2026 से किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही जिन्हें अस्थाई रूप से आवास आवंटित किए गए हैं एवं उनका अंशदान जमा किया जाना शेष है। उनके लिए उक्त हितग्राही अंशदान ऋण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वे उपस्थित होकर अंशदान हेतु ऋण प्राप्त कर सकते हैं इसके उपरांत उन्हें आवासों का स्वामित्व प्रदान किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ऐसे समस्त हितग्राहियों से आग्रह किया है कि वे शिविरों में उपस्थित होकर ऋण संबंधी कार्यवाहियां पूर्ण कर सकते हैं।

स्कूलों में लगी स्वच्छता की पाठशाला



बैतूल। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा नगर में विभिन्न स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगरपालिका की ढ्ढश्रेष्ट टीम द्वारा नगर के विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता की पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निपटान, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही नगरपालिका की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छ एवं सुंदर बैतूल के निर्माण में सहभागिता करने का संदेश दिया गया। नगरपालिका परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और स्वच्छ बैतूल के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

नागपुर नाके पर अतिक्रमण हटाए

मुलताई। शहर के व्यस्तम नागपुर नाके पर सोमवार को नगर पालिका की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सडक़ किनारे से अवैध अतिक्रमण को हटाया। मुख्य मार्ग पर दुकानदारों और फल विक्रेताओं द्वारा सडक़ तक सामान फैलाकर कारोबार किया जा रहा था, जिससे रोजाना यातायात बाधित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान एक फल विक्रेता ने विरोध जताते हुए अपने फल सडक़ पर फेंक दिए, जिससे कुछ देर के लिए मौके पर गहमागहमी और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। नागपुर नाके की मुख्य सडक़ के दोनों ओर दुकानदारों और ठेला-फल विक्रेताओं ने अपने शेड, बोर्ड और सामान सडक़ तक फैला रखे थे। इसके चलते मार्ग काफी संकरा हो गया था और वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। प्रतिदिन लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। और यह स्थिति मात्र एक स्थान पर नहीं है नगर के अधिकांश व्यापारी क्षेत्र की है किंतु जब नगर पालिका किसी एक स्थान पर कार्रवाई करती और दूसरे स्थान पर नहीं तो नगर पालिका की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना भी वाजिब है नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को गंभीर होती जा रही अतिक्रमण की स्थिति में सुधार के लिए व्यापक रूप से सभी पर समान रूप से कार्रवाई करनी चाहिए। नगर पालिका के सब-इंजीनियर महेश शर्मा की अगुवाई में पहुंची टीम ने अमले के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया।

सिरपुर पैटर्न से बारिश के पानी को रोककर भूजल स्तर बढ़ाने और जलसंकट के स्थायी समाधान पर हुआ मंथन

'सभी ब्लॉकों में सिरपुर पैटर्न के एक-एक मिनी वाटरशेड चिन्हित कर अक्टूबर तक शुरू करें जल संरक्षण कार्य'

प्रोजेक्ट डायरेक्टर वाटर कंजरवेशन एवं सिरपुर पैटर्न के विशेषज्ञ एस.बी. खानापुरकर ने सिरपुर पैटर्न पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल में सिरपुर पैटर्न के सफल प्रयोग को देखते हुए जिले के सभी विकासखंडों में जल संरक्षण के लिए एक एक मिनी वाटरशेड उपयुक्त स्थान चिन्हित कर अक्टूबर तक कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। बैठक में विधायक श्री खंडेलवाल के आग्रह पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर वाटर कंजरवेशन एवं सिरपुर पैटर्न के विशेषज्ञ श्री एस.बी. खानापुरकर बैतूल आए और उन्होंने महाराष्ट्र के सिरपुर में जल संरक्षण के सफल प्रयोग तथा बैतूल में इसके माध्यम से जल समस्या के स्थायी समाधान की संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि स्थानीय भूगर्भीय संरचना और जल प्रवाह का वैज्ञानिक अध्ययन करते हुए जल संरक्षण के कार्य किए जाएं तो बारिश के पानी को अधिक से अधिक रोककर भूजल पुनर्भरण किया जा सकता है।

बारिश के पानी को रोककर एक्विफर रिचार्ज पर जोर

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि सिरपुर पैटर्न का मूल उद्देश्य बारिश के पानी को तेजी से बह जाने से रोकना, उसे जल संरचनाओं में संग्रहित करना तथा



एक्विफर (भूजल भंडार) में रिचार्ज करना है। इसके लिए क्षेत्र की भूगर्भीय संरचना का विस्तृत अध्ययन कर तकनीक आधारित जल संरक्षण कार्य किए जाने पर जोर दिया गया। प्रस्तुतीकरण के अनुसार मौसमी नालों एवं जलधाराओं को जल संरक्षण के विभिन्न उपायों के माध्यम से अधिक स्थायी जलधारा में परिवर्तित करने तथा जल स्तर में वृद्धि का लक्ष्य रखा जाता है। साथ ही पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को भी इस मॉडल का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया।

200 से 300 मीटर की दूरी पर चेक डैम

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि भूगर्भीय अनुकूलता के आधार पर बंधानों/चेक डैम की दूरी 200 से 300 मीटर की रखी जा सकती है। इसके साथ ही तकनीकी रूप से उपयुक्त पूरे जलग्रहण क्षेत्र में कंटूर कंट्रोल ट्रेंच जैसे जल संरक्षण कार्य किए जाने की अवधारणा बताई गई। मिनी वाटरशेड के उदाहरण के माध्यम से प्रत्येक जलधारा पर उसकी ढाल और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार चेक डैम बनाने, उनके ऊपरी हिस्से में जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने तथा संरचनाओं को वैज्ञानिक तरीके से विकसित करने की जानकारी दी गई।

चेक डैम में पानी का संचयन संभव

प्रस्तुतीकरण में यह भी बताया गया कि वर्षा ऋतु के बाद खुदाई एवं जल संग्रहण से संबंधित कार्यों के माध्यम से प्रत्येक चेक डैम में बड़ी मात्रा में पानी का संचयन संभव है। इससे भूजल पुनर्भरण के साथ आसपास के क्षेत्र में पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सिंचाई, पेयजल और उद्योग के लिए उपयोगी विशेषज्ञ ने सिरपुर पैटर्न को सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए स्थायी जल उपलब्धता की दिशा में उपयोगी बताया। साथ ही जल संरक्षण के माध्यम से बाढ़ एवं सूखे की समस्या को कम करने तथा सूख चुकी नदियों एवं जलधाराओं के पुनर्जीवन की संभावनाओं पर भी जानकारी दी।

अनुभवों की जानकारी की साझा

बैठक में बैतूल जिले के पूर्व से बने सिरपुर पैटर्न नयेगांव, जगदर एवं परसोड़ी भोगीटेड़ा में सिरपुर पैटर्न से लाभान्वित किसानों के अनुभवों की जानकारी भी साझा की गई। इन क्षेत्रों में जल संरक्षण कार्यों से हुए बदलावों और किसानों को प्राप्त लाभों पर चर्चा हुई। बैठक में विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, जिला पंचायत सीईओ गणेश जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे सहित संबंधित अधिकारी एवं सिरपुर पैटर्न से लाभान्वित किसान उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

सारनी से मछलीकांटा को जोड़ने नपा बनाएगी 21.60 लाख से पुलिया



सारनी। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 10 के मछलीकांटा को सारनी से जोडऩे के लिए नगर पालिका 21.60 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण करेगी। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षदगणों और जनप्रतिनिधियों की की मौजूदगी में उक्त पुलिया का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने बताया कि वार्ड 10 मछली कांटा क्षेत्र के लोग बीते कई दशकों से सतपुड़ा प्लांट की कैनाल पर बनी लोहे की संकरी पुलिया से आवागमन करते थे। लोगों की मांग पर नगर पालिका ने उक्त स्थल पर पुलिया प्रस्तावित की। समस्त स्वीकृति प्राप्त होने के के बाद नगर पालिका यहां 21.60 लाख की लागत से करीब 100 मीटर लंबी एवं 5 मीटर चौड़ी पुलिया का निर्माण करेगी। उक्त निर्माण का भूमिपूजन सोमवार 21 सितंबर 2026 को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद शिवकली बबलू नरें, प्रवीण सोनी, एल्डरमैन विनय मदने, गोलू राजपूत समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि पूर्व में संकरी पुलिया होने के कारण एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी आकस्मिक सेवाएं यहां नहीं पहुंच पाती थी। पुलिया बनने से बड़े वाहन मछलीकांटा में पहुंच सकेंगे। नई पुलिया बनने से क्षेत्र में विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। इस अवसर पर उपयंत्री रविंद्र वराठे, शिवम यादव, कमल बिहारे प्रकाश शिवहरे, प्रकाश डेहरिया, वार्ड वासी रंजन मंडल, दीपक मंडल निरापद मंडल, राजू डायरे, असीम मंडल, प्रदीप डायरे बिरंजन मंडल, महेश बाछड़, कैलाश डायरे, विनोद किरोदे, आनंद मालदार, निवास मिस्त्री, भवेन मंडल, अश्विन मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

3 दिन से ग्रामीणों में डर

बैतूल के बरसाली में तेंदुए की आहट जंगल में मिले पगमार्क



बैतूल। आमला क्षेत्र के बरसाली गांव के पास तेंदुआ दिखने की खबर के बाद पिछले तीन दिनों से ग्रामीणों में डर का माहौल है। वन विभाग ने मौके पर ट्रेप कैमरे लगाए हैं, लेकिन सोमवार सुबह तक उनमें तेंदुआ नहीं दिखा है। जंगल की तरफ तेंदुए के पगमार्क मिलने की पुष्टि हुई है। वन विभाग की टीम अब मौके पर जाकर पगमार्क की जांच करेगी। आमला वन क्षेत्र के रेंजर नानकराम कुशवाह ने बताया कि बरसाली के पास तेंदुआ दिखने की सूचना 18 सितंबर को मिली थी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने कच्चे रास्ते और नाले में जंगली जानवर के पगमार्क देखे थे। इलाके में ट्रेप कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक उनमें तेंदुआ नहीं दिखा है। जंगल की तरफ पगमार्क मिले हैं। सोमवार को वन रक्षकों को भेजकर इनकी दोबारा जांच कराई जाएगी। वन विभाग ने बरसाली और काजी जामठी गांव में घोषणा करके ग्रामीणों को सावधान रहने को कहा है। लोगों से अपील की गई कि पालतू पशुओं को खुले में न बांधे। रात में अकेले बाहर न निकले और बच्चों को भी रात के समय घर से बाहर न जाने दे। जरूरी होने पर टॉर्च लेकर ही बाहर निकलने और जंगली जानवर के पगमार्क या दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देने को कहा गया है।

यह इलाका बाघ का एक अहम रास्ता

बैतूल जिले में तेंदुए कई वन और पहाड़ी इलाकों में मिलते हैं। जंगल से लगे खेतों और पहाड़ी क्षेत्रों में भी इनके आने-जाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। जिले से सतपुड़ा-मेलघाट टाइगर कॉरिडोर गुजरता है। यह कॉरिडोर सतपुड़ा क्षेत्र को मेलघाट टाइगर रिजर्व से जोड़ता है। यह इलाका बाघ, तेंदुआ, बायसन और दूसरे जंगली जानवरों की आवाजाही का एक अहम रास्ता है। कुछ जंगली जानवर इन क्षेत्रों में हमेशा रहते हैं, जबकि कुछ कॉरिडोर के जरिए नए इलाकों की तलाश में आते-जाते रहते हैं।

आरोपी ने खेत के पास महिला के साथ जबरदस्ती किया था दुष्कर्म

महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पुलिस ने आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने खेत के पास महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और विरोध करने पर धमकी दी। घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 सितंबर 2026 की सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच फरियादिया अपने खेत में अकेली घास काट रही थी। थकान लगने पर वह खेत के समीप सडक़ किनारे लेंडिया के पेड़ के नीचे बैठकर पानी पी रही थी। इसी दौरान ढोडिया ढाना की ओर से मोटरसाइकिल पर रवि सोनवाने वहां पहुंचा और महिला के पास वाहन रोककर बातचीत करने लगा।पुलिस के मुताबिक, बातचीत के दौरान आरोपी ने महिला को अपने साथ दूर ले जाने की बात कही। महिला ने इसका विरोध करते हुए स्वयं के शादीशुदा होने की बात कही और आरोपी को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद जब महिला खेत की ओर जाने लगी, तो आरोपी ने कथित रूप से उसका पीछा किया और पीछे से पकडक़र मक्के के खेत में गिरा दिया। आरोप है कि आरोपी ने महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया तथा गला दबाकर धमकी दी।

विरोध करने पर मोबाइल फोन पत्थर पर पटकने का आरोप

फरियादिया के अनुसार, घटना के दौरान उसके मोबाइल फोन की घंटी बजने पर आरोपी ने फोन छीनकर पत्थर पर पटक दिया, जिससे मोबाइल टूट गया। महिला द्वारा बचाव के लिए शोर मचाने पर सडक़ से मोटरसाइकिल की आवाज सुनाई दी। पुलिस के अनुसार, इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। महिला



ने अपने पति के साथ थाना मुलताई पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की।

बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 786/26 दर्ज किया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(2)(ढ्ढढ्ढ) एवं 3(2)(1) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस के अनुसार, सटीक सूचना मिलने के बाद आरोपी रवि पिता लेखराम सोनवाने, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम चिमनखापा, जिला पांढुर्णा, को उसके गांव से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

इन पुलिसकर्मियों की रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल, उपनिरीक्षक मोनिका पटले, उपनिरीक्षक नितिन उइके, प्रधान आरक्षक सुनील पंद्राम, आरक्षक अभिषेक वाडिवा, आरक्षक विवेक चौरे एवं आरक्षक सेवाराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस विभाग ने टीम के प्रयासों को सराहनीय बताया।

48 वर्षों से विराज रहे भगवान गणेश आस्था का सिलसिला आज भी कायम

माता मोहल्ले में सुबह-शाम आरती, संध्या में भजन-कीर्तन




हरिभूमि न्यूज ⏭ मौंरा

बीजादेही रोड स्थित माता मोहल्ला शंकर मंदिर में इन दिनों गणेश उत्सव की भक्ति अपने पूरे रंग में है। मंदिर में विराजित भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुबह की आरती से शुरू होने वाला भक्तिमय क्रम शाम की आरती और इसके बाद होने वाले भजन-कीर्तन तक जारी रहता है। महिला, पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ इसमें शामिल हो रहे हैं। इस उत्सव की खास बात यह है कि शंकर मंदिर में पिछले 48 वर्षों से गणेश उत्सव के दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित करने की परंपरा लगातार चली आ रही है। छह दशक से कम नहीं, बल्कि करीब पांच दशक से चली आ रही यह परंपरा अब माता मोहल्ले की धार्मिक पहचान का हिस्सा बन चुकी है। समय बदला, पीढ़ियां बदलीं, लेकिन गणेश उत्सव के प्रति श्रद्धा और आयोजन की परंपरा कायम रही। गणेश उत्सव के दौरान मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम भगवान गणेश की आरती की जा रही है। शाम की आरती के बाद भजन-कीर्तन का आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ भगवान गणेश का स्मरण करते हैं। मोहल्ले के श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार प्रतिदिन भगवान गणेश को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद का भोग लगाते हैं। आरती के बाद प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाता है। इससे मंदिर परिसर में सुबह शाम धार्मिक वातावरण बना रहता है और उत्सव में मोहल्ले के लोगों की सामूहिक सहभागिता दिखाई देती है। पिछले 48 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कई पीढ़ियां गणेश उत्सव का हिस्सा बन चुकी हैं। मंदिर समिति के अनुसार, कोरोना महामारी जैसी परिस्थितियों के दौरान भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना और उत्सव की परंपरा में विराम नहीं आया। यही निरंतरता इस आयोजन को खास बनाती है। वर्तमान में भी महिलाएं, पुरुष और बच्चे नियमित रूप से आरती और भजन में शामिल हो रहे हैं। गणेश उत्सव के दौरान आगामी दिनों में विशेष धार्मिक आयोजन भी होंगे। मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जबकि चौदस के दिन हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन होगा। उत्सव के समापन पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा और इसके बाद धूमधाम के साथ विसर्जन किया जाएगा।

मंदिर समिति के संजीव राठौर ने बताया कि शंकर मंदिर में पिछले 48 वर्षों से गणेश उत्सव के दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित की जा रही है। कोरोना महामारी के दौरान भी यह परंपरा जारी रही। इस वर्ष भी सुबह-शाम आरती, शाम को भजन-कीर्तन और प्रतिदिन भगवान गणेश को प्रसाद का भोग लगाया जा रहा है। चौदस को हवन-पूजन के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन किया जाएगा।

कोसमी क्षेत्र में रेत और गिट्टी के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई



बैतूल। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर खनिज अमला द्वारा 21 सितंबर को बैतूल तहसील के ग्राम कोसमी में पीपीपी मोड पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज स्थल का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोसमी स्थित शासकीय भूमि के अंश भाग पर खनिज रेत एवं गिट्टी का बिना वैधानिक अनुमति के अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। माप अनुसार उक्त स्थल पर खनिज रेत की मात्रा 270 घन मीटर एवं खनिज गिट्टी की मात्रा 64 घन मीटर पाई गई। जांचकर्ता अधिकारी द्वारा उक्त क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित खनिज की मात्रा को विधिवत जप्त कर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्तानुसार अवैध भंडारण कर्ता के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अर्थदण्ड की राशि प्रस्तावित कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने पर अब 1,000 तक जुर्माना

अब रेलवे में गंदगी फैलाने वालों की खैर नहीं कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में होगी पेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड ने रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने जैसी गतिविधियों पर लगाए जाने वाले जुर्माने के प्रावधानों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। रेल मंत्रालय द्वारा 24 अगस्त 2026 को जारी राजपत्र अधिसूचना के बाद रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2026 को वाणिज्यिक परिपत्र क्रमांक 17/2026 जारी कर सभी जोनल रेलवे को संशोधित प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। राजपत्र अधिसूचना के अनुसार भारतीय रेल परिसर में स्वच्छता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के लिए दंड संबंधी नियम, 2012 में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत पूर्व में निर्धारित ?500 तक के जुर्माने को बढ़ाकर 1,000 तक किया गया है। साथ ही, यदि निर्धारित जुर्माने का भुगतान नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है, जहां 2,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा।



रेलवे स्टेशनों पर होगा व्यापक प्रचार

रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिया है कि संशोधित नियमों का यात्रियों एवं आम जनता के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए विभिन्न समाचार-पत्रों, जिनमें स्थानीय भाषाओं के समाचार-पत्र भी शामिल हैं, रेलवे स्टेशनों पर पोस्टर एवं नोटिस, रेलगाड़ियों के अंदर लगाए जाने वाले नोटिस तथा स्टेशनों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से घोषणाओं के माध्यम से जानकारी देने को कहा गया है। इसके अलावा रेडियो/टीवी आदि माध्यमों से भी प्रचार करने का कहा गया है।

तय होगी जिम्मेदारी

परिपत्र में कहा गया है कि प्रत्येक जोनल रेलवे स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधिकृत अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए प्रक्रिया तैयार करेगा तथा इस उद्देश्य से नामित अधिकारियों की नियुक्ति करेगा। संबंधित प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को मासिक विवरण में इस मद के अंतर्गत वसूल की गई जुर्माने की राशि रेलवे बोर्ड को बतानी होगी। रेलवे बोर्ड का यह निर्देश वित्त एवं लेखा निदेशालय की सहमति से जारी किया गया है। परिपत्र में सभी संबंधित अधिकारियों को इसकी प्राप्ति की पुष्टि करने के निर्देश भी दिए गए हैं। रेलवे अब स्वच्छता संबंधी नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधानों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ-साथ यात्रियों को पहले से जागरूक करने के लिए समाचार-पत्रों, पोस्टरों, उद्घोषणाओं तथा अन्य प्रचार माध्यमों का व्यापक उपयोग करेगा।

खबर संक्षेप

सर्पमित्र ने वृक्ष से पकड़ा अजगर, जंगल में छोड़ा



सोहागपुर। सोहागपुर के सर्पमित्र राहुल कुशवाहा ने गत रात्रि करीब 10 बजे अजगर पकड़ा है। राहुल ने बताया कि ग्राम बोदी में अरविंद कुशवाहा के बगीचे में वृक्ष पर लगभग सात फीट लंबा अजगर लिपटा होने की सूचना मिली। उन्होंने रात्रि में गांव पहुंचकर अजगर पकड़ा तथा उसे सोमवार सुबह कामती के समीप घने जंगलों में छोड़ा है।

आंगनबाड़ी में पोषण माह आयोजित



माखननगर। माखन नगर ग्राम पंचायत बुधवाड़ा के ग्राम बुढ़ापा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 पर पोषण माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मालती सराठे ने महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण संबंधी समुचित जानकारी से अवगत कराया कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना तिवारी सहायिका एवं ग्राम की महिलाएं किशोरी बालिकाएं शामिल हुई।

पीटीएस पचमढ़ी में चित्रकला प्रदर्शनी लगाई



पचमढ़ी। शासकीय माध्यमिक विद्यालय पी.टी.एस. में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रदर्शनी एवं छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर नृत्य आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद अमोले एवं सतीश लोखंडे के आतिथ्य में संबोधित किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सेवाकाल एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों से छात्राओं को अवगत कराया गया और बच्चों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया साथ ही उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जादू-टोने के शक में दो परिवारों में खूनी संघर्ष

इटारसी। शहर की झुग्गी झोपड़ी न्यास कॉलोनी में जादू-टोना करने की बात को लेकर दो परिवारों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर बीयर की बोतल और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया है।

इटारसी पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

सोहागपुर में रामलीला मंचन को लेकर श्रीराम नाट्य समिति की बैठक संपन्न, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

छह अक्टूबर को श्री गणेश पूजन एवं नौ अक्टूबर से मंचन 13 अक्टूबर को होगी श्रीराम बारात की भव्य निकासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा इस वर्ष श्रीरामलीला महोत्सव 2026 को लेकर रविवार शाम काली मंदिर में बैठक की गई। बैठक का आयोजन समिति के वरिष्ठ संरक्षक चौधरी राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया एवं मंचन के पूर्व तैयारी, पात्र प्रशिक्षण, मंच सजावट आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 सितंबर से प्रतिदिन पात्र प्रशिक्षण तथा अभ्यास प्रक्रिया वरिष्ठद्वय पं. कैलाश नारायण परसाई एवं पं. अरविंद सहारिया के मार्गदर्शन में होगी। छह अक्टूबर को श्री गणेश पूजन व रामलीला मंच सजावट होगी एवं नौ अक्टूबर से मंचन प्रारंभ होगा। दशहरे पर रावण वध तक लीला का मंचन किया जाएगा। 22 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक के साथ समापन होगा। 22



अक्टूबर को ही पात्र सम्मान समारोह होगा। जिसमें श्री रामलीला मंचन के समस्त पात्रों का सम्मान अतिथियों द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठों के निर्देशानुसार विविध व्यवस्थाओं के दायित्व राजेंद्र पालीवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक साहू, रीतेंद्र राजपूत, नितिन चौरसिया, आतम जैन एवं चुन्नीलाल मुद्गल को सौंपे गए। मीडिया प्रभारी का दायित्व शिवकुमार पटेल तथा आनंद साहू को दिया गया है।

निकालेंगे श्रीराम बारात

बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अक्टूबर को श्रीराम विवाह के अवसर पर श्रीराम बारात भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जनकपुरी रामलीला मंच गांधी चौक पहुंचेगी। श्रीराम बारात की शोभायात्रा को पूर्व के वर्षों के अनुसार भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए समिति द्वारा विशेष तैयारियां की जाएंगी। समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि रामलीला के सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जैन ने क्षेत्रवासियों सहित सभी संगठनों एवं धर्मप्रेमियों से सहभागिता का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से समिति संरक्षक चौधरी राजेंद्र सिंह, केदारनाथ चौरसिया, पं. कैलाश नारायण परसाई, पं. अरविंद सहारिया, मंगलसिंह रघुवंशी, विजय अग्रवाल, रागिनी जी, रमेश गोस्वामी, नर्मदा प्रसाद सैनी, करण सिंह सराठे, अरविंद रघुवंशी, पोहप सिंह विश्वकर्मा, मनोज अग्रवाल, समिति अध्यक्ष अनिल जैन, उपाध्यक्ष हरिशंकर सराठे, सचिव अखिलेश मालवीय, शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, आनंद साहू, भरत तिवारी, प्रशांत मालवीय, सुरेंद्र मालवीय, निपुण खंडेलवाल, अनमोल खंडेलवाल आदि शामिल रहे।

सोहागपुर में 128वां डोल ग्यारस महोत्सव आज, होंगी भजन व डंडा प्रतियोगिताएं

सोहागपुर में डोलग्यारस महोत्सव समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें विविध सांस्कृतिक आयोजनों सहित इनामी भजन एवं डंडा प्रतियोगिता आकर्षण के मुख्य केंद्र होंगे। समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि विशेष आकर्षण नगर के मंदिरों द्वारा विमानों का चल समारोह होगा। वहीं रानी लक्ष्मी बाई मंच पर भजन प्रतियोगिता रात्रि 10 बजे से शुरू होगी। जिसमें 30 हजार 101 रुपये का प्रथम पुरुस्कार स्व. बैजनाथ सिंह चौधरी की स्मृति में दिया जाएगा। द्वितीय पुरुस्कार 20 हजार 101 रुपये नगर परिषद द्वारा, तृतीय पुरुस्कार 15 हजार 101 रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार 11 हजार 101 रुपये जगदीश मास्साब लांघा बम्हौरी द्वारा दिए जाएंगे। पंचम पुरुस्कार आठ हजार 101 रुपये, षष्ठम पुरुस्कार छह हजार 101 रुपये स्व. दर्शन सिंह पटेल बुटी भैया की स्मृति में तथा 5100-5100 रुपये के दो सांत्वना पुरुस्कार भी दिए जाएंगे। बिहारी चौक पर डंडा प्रतियोगिता रात्रि आठ बजे से होगी। डोल ग्यारस समिति द्वारा द्वितीय पुरुस्कार दिये जाएंगे।

थाना परिसर में 'हर रविवार-थाना परिवार' अभियान आयोजित

योग-ध्यान से तनावमुक्त कार्यशैली, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबे समय से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैरूंदा

पुलिस बल के स्वास्थ्य, अनुशासन, आपसी समन्वय और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रविवार को थाना, पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों में 'हर रविवार–थाना परिवार' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जहां पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र में भाग लिया, वहीं मैदानी पुलिसिंग से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत हार्टफुलनेस टीम के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगासन, प्राणायाम, रिलैक्सेशन एवं सामूहिक ध्यान से हुई। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने कहा कि लगातार तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए योग और ध्यान मानसिक संतुलन बनाए रखने में उपयोगी है। इससे सकारात्मक सोच, निर्णय क्षमता और कार्यकुशलता को बढ़ावा मिलता है। योग सत्र के बाद एसडीओपी ने मैदानी स्टाफ के साथ संवाद करते हुए अपराध, मर्ग, चालान एवं विभिन्न विधिक कार्यवाहियों की समीक्षा की। उन्होंने



अधिकारियों और विवेचकों को निर्देश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और प्रकरणों में अनावश्यक देरी न हो।

लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबे समय से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिकायतों के निराकरण में केवल संख्या पूरी करने के बजाय नियमानुसार कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को संतुष्टिपूर्वक समाधान उपलब्ध कराने पर जोर दिया। महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में जांच पूरी करने तथा पीड़ित पक्ष से समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

डिजिटल साक्ष्य, विवेचना पर जोर

वर्तमान पुलिसिंग में तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए ई-साक्ष्य और ई-विवेचना के प्रभावी इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया गया। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो, ऑडियो एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संधारण करने तथा आवश्यकता के अनुसार न्यायालयीन प्रक्रिया में उनका उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विवेचकों को टैबलेट प्रणाली और अन्य डिजिटल टूल्स के नियमित उपयोग के साथ तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों में निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान लंबे समय से फरार आरोपियों एवं लंबित स्थाई वारंटों की भी समीक्षा की गई। ऐसे आरोपियों की तलाश और वारंटों की तामीली के लिए सुनियोजित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं पोर्टल पर दर्ज गंभीर अपराध, एससी/एसटी राहत प्रकरण व नोटिसों में भी समयबद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

थाने से लेकर डायल-112 की जांची व्यवस्था

अभियान केवल समीक्षा तक सीमित नहीं रहा। थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के रख-रखाव, हवालात एवं शस्त्रागार की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इसके साथ ही आपातकालीन सेवा डायल-112 वाहनों के तकनीकी रख-रखाव की स्थिति देखी गई और पुलिसकर्मियों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचने तथा रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखने के निर्देश दिए गए। अभियान के माध्यम से पुलिसकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मैदानी पुलिसिंग, तकनीकी विवेचना, शिकायतों के निराकरण और थाना प्रबंधन को बेहतर बनाने पर एक साथ फोकस किया गया।

अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

दो युवक गंभीर घायल, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

थाना केसला से करीब 500 मीटर आगे इटारसी मार्ग पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पीड़ित युवक जुन्नारदेव से भोपाल काम के सिलसिले में जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को गंभीर चोटें आईं और इनमें से एक युवक मौके पर ही बेहोश हो गया था।

एंबुलेंस पहुंचने में देरी

हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों की मदद की और 108 एंबुलेंस को कॉल किया। हालांकि, सूचना देने के लगभग 20 मिनट बाद भी



एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस बीच घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग एकत्रित हुए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस का डायल-112 वाहन मौके पर पहुंचा और दोनों घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल सुखतवा ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है और फरार अज्ञात चार पहिया वाहन व उसके चालक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

एकता स्पोर्ट्स क्लब हजारों बैग वितरण किए



पिपरिया। नगर के समाजसेवी संस्थाओं में एक नाम एकता स्पोर्ट्स क्लब का है जो हमेशा फुटबॉल, क्रिकेट के साथ ही साथ सैकड़ों कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसी तरह से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को एक वर्ष में जूते, मोजे, गर्म बनियान का वितरण करते हैं। दूसरे वर्ष में स्कूल बैग वितरण करते आ रहे हैं। जानकारी अनुसार लगभग अभी तक हजारों विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। वर्ष 2026 मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के पांचवें दिन में एकता स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष बलराम सिंह बैस के द्वारा अपने सैकड़ों सहयोगी जनों के सहयोग से मंगलवारा धर्मशाला के अध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल के सहयोग से नगरपालिका परिषद क्षेत्र के लगभग 1630 विद्यार्थियों को कक्षा 1से 8तक के सभी शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अतिथियों से स्कूल बैग वितरण कराया गया। कार्यक्रम अतिथि पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सरिता बैस एवं पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी लखन आनंदानी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामग्री वितरित कर बच्चों को पैन केले आदि का वितरण किया गया। शिक्षण सामग्री वितरित करने के उद्देश्य को लेकर बताया कि पूर्व में शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पढ़ाई करने काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। अनेकानेक कमजोर वर्ग के बच्चे सामग्री के अभाव में पढ़ाई-लिखाई नहीं कर पाते थे। तभी से एकता स्पोर्ट्स क्लब ने सेवा संकल्प प्रारंभ किया गया।जो आज भी संचालन किया जा रहा है।इस अवसर पर सभी राजनीतिक दलों के लोग उपस्थित रहे।बी आर सी प्रदीप शर्मा , प्रीतम सिंह पुरुविया खेल समन्वयक की उपस्थिति में लगभग 12 वर्ष से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस तरह से भी देश के होनहार भविष्य को संवारने का काम किया जा सकता है। सुबत लहरी ने बताया कि क्लब के सदस्यों का एक ही संकल्प अभियान है। कोई विद्यार्थी किसी पाठ्यक्रम सामग्री के अभाव में पढ़ाई-लिखाई शिक्षा से वंचित ना रहे। अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सिविल न्यायालय परिसर में स्थित 6 खंडपीठ का संचालन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ती शर्मा के द्वारा न्यायालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी न्यायालय के न्यायाधीश एवं समस्त स्टाफ से भी चर्चा करते हुए मुलाकात कर न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों,एवं विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं सचिव सह सचिव की ओर से आगंतुक अतिथि का स्वागत किया गया। एवं अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से जुड़ी व्यवहारिक समस्याएं भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सम्मुख प्रस्तुत की गई। समस्याओं को न्यायालय परिसर में न्यायाधीश के द्वारा सुना गया तथा समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत विधायक ने प्रतिभागियों को दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुई थी जिनके पुरस्कार वितरण में विधायक विजयपाल सिंह ने प्राचार्य डा नीता चौबे, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, लाइंस क्लब अध्यक्ष राजेश मीणा, समाज सेवी आकाश गर्ग, पार्षद सविता सुरेश यादव की उपस्थिति में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने कार्यक्रम, सेवा संकल्प अभियान 2026 को



विस्तार से बताया।संक्षिप्त उद्बोधन में विधायक ठा विजयपाल ने प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना 2047 में भारत कैसा होना चाहिए इस पर प्रतिभागियों सहित समस्त विद्यार्थियों से विचार साझा किये। चित्रकला प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरांत विधायक द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियो को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही विधायक द्वारा विजयी प्रतिभागियो को क्रमशः 5000, 3000, एवं 2000 राशि देने की घोषणा की, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता दुबे ने बताया कि प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किए हुए प्रतिभागी जिला स्तर पर सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर मनीष शर्मा के द्वारा किया गया एवं आभार लेफ्टिनेंट डॉक्टर आई एस कनेश के द्वारा किया गया कार्यक्रम में कालेज स्टाफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाई जाएगी सामग्री

श्री बाल गणेश का सहस्र अर्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन चौक पर विराजमान बाल रूप श्री गणेश जी का रविवार को माखन चौक मित्र मंडली द्वारा शैक्षणिक सामग्री से भव्य सहस्र अर्चन संपन्न किया गया। भगवान श्री गणेश जी के दिव्य दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ इस पावन अनुष्ठान में सहभागिता की।

इस सहस्र अर्चन में अर्पित की गई शैक्षणिक सामग्री को ऐसे जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया जाएगा, जो आर्थिक परिस्थितियों के कारण आवश्यक पाठ्य सामग्री लेने में असमर्थ हैं। इस पहल का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव के कारण



कोई बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रह जाए और उसे पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो सके। माखन चौक मित्र मंडली की ओर से इस पहल को "भक्ति से शिक्षा तक" की भावना के साथ शुरू किया गया है।

जरूरतमंदों की मदद करने की एक पहल

मंडली का कहना है कि यह सेवा के क्षेत्र में एक प्रारंभिक और छोटी-सी कोशिश है, जिसके बाद जरूरतमंदों एवं समाज के हित में आगे भी अनेक प्रयास किए जाएंगे।

धार्मिक आस्था के साथ शिक्षा और सेवा को जोड़ने वाली इस पहल को श्रद्धालुओं ने भी सराहा। भगवान श्री गणेश जी के श्रीचरणों में समर्पित यह प्रयास भक्ति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देता है।

शास. सांदीपनि उमावि में हुईं विभिन्न प्रतियोगिता



माखन नगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखन नगर में प्रदर्शनी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागियों ने अपने कला-कौशल का परिचय देते हुए आकर्षक और संदेशप्रद चित्र बनाये। चयनित छात्र और छात्राओं को पुरुस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती सावित्री परिनामे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत सोनी द्वारा प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में **BEO** सुषमा पिपरे, बीआरसी कमलेश वर्मा, प्राचार्य केके दुबे, माध्य.प्रधान पाठक मदन तिवारी, स्कूल स्टाफ स्तुति सराफ,रानी पटेल, दीपक शर्मा और मोहित शर्मा सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

पचमढ़ी में 23 वर्षों से कर रहे भगवान गणेश की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नवयुवक उत्सव समिति अरविंद मार्ग पचमढ़ी द्वारा विगत 23 वर्षों से गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। समिति द्वारा प्रति वर्ष अलग अलग स्वरूपों एवं कलाकृतियों में प्रतिमा स्थापित करते आ रहे है। रात्री में मंडलियों के माध्यम से सुंदरकांड एवं भजन का आयोजन किया जाता है। जिससे



आस पास का वातावरण भक्तिमय हो ओर नगर में सुख शांति बनी रहे। रविवार को समिति के सदस्यों द्वारा प्रसाद में विशेष 56 प्रकार के मिष्ठान का भोग लगाया गया। समिति के पदाधिकारी अमित साहू एवं शिवम जायसवाल ने बताया कि वह बाल्यकाल से गणेश जी प्रतिमा मोहल्ले के लोगों के सहयोग से स्थापित करते आ रहे है ओर जो नई पीढ़ी हमे देखकर सहयोग कर रही है वही आने वाले समय में इस धर्म कार्य को आगे बढ़ाएगी। समिति के सदस्यों द्वारा इस वर्ष भी भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है।

इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति

रा.प्र.क्र. 0056 अ-6 वर्ष 2026-27

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक भीमजी भाई पटेल आ० स्व० प्रेमजी भाई पटेल निवासी लक्कडगंज, इटारसी तह० इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म०प्र० भू० रा० संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं0 06 प्लाट नं0 1/20 रकबा 4920 व0फु० भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदक सहित उसकी माता एवं बहन के नाम दर्ज चली आ रही है। उक्त वर्णित भूमि के भूमिस्वामी/सहखातेदार आवेदक की माता दमयंती बेन पत्नि प्रेमजी भाई का स्वर्गवास दिनांक 18/12/2015 को हो चुका है एवं आवेदक के पिता प्रेमजी भाई का स्वर्गवास भी पूर्व में दिनांक 27/04/1998 को हो चुका है तथा आवेदक की बहन गंगा बेन पुत्री प्रेमजी भाई का स्वर्गवास दिनांक 15/09/2012 को हो चुका है, जो कि लाऔलाद फौत हुई है। आवेदक उक्त वर्णित भूमि पर से फौत भूमिस्वामी/सहखातेदार आवेदक की माँ एवं बहन का नाम विलोपित कराकर आवेदक का नाम यथावत रखना चाहते है। अतः आवेदक द्वारा उक्त वर्णित भूमि पर से आवेदक की माता एवं बहन का नाम विलोपित कर संपूर्ण रकबे पर आवेदक का नाम वारसान हक में फौती आधार पर दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 28/09/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

नजूल अधिकारी, इटारसी

सार्वजनिक - सूचना (नियम 6 के अंतर्गत)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विलास वराडकर आ. स्व. श्री गोरखनाथ वराडकर उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम नागपुरकला आर्डिनेंस फैक्टरी रोड 16 नम्बर पुलिया इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. एवं आवेदिका श्रीमति नंदा वराडकर (पिंजरकर) श्री तुकाराम पिंजरकर उम्र 43 वर्ष निवासी मुकाम पोस्ट पोहना तहसील हिंगणघाट जिला वर्धा द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के अंतर्गत द्वितीय अनुसूची में उल्लेखित प्रारूप में आशयित विवाह की सूचना/आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है। उक्त आशयित विवाह की सूचना की एक प्रति इस इश्तेहार के साथ संलग्न प्रेषित है। उक्त प्रकरण की नियत सुनवाई 12/10/2026 नियत है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / जनसाधारण को आवेदकगणों के विवाह में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति स्वयं व अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष नियत सुनवाई दिनांक 12/10/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी नर्मदापुरम्

नेमित गांव की नारी शक्ति आर-पार के मूड में, अवैध शराब विक्रेताओं की अब खैर नहीं

महिलाओं ने ठाना है- ना शराब बेचने देंगे और ना ही पीने देंगे, एक को किया पुलिस के सुपुर्द





हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

इन दिनों नेमित गांव की नारी शक्ति आर-पार के मूड में हैं और अवैध शराब विक्रेताओं की अब खैर नहीं है। वहां महिलाओं ने ठाना है- 'ना शराब बेचने देंगे और ना ही पीने देंगे।' जब एक शराब-विक्रेता ने बबाल किया तो उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जिससे शराब बिक्री में लिप्त लोग एवं पियक्कड़ मुसीबत में है और महिलाओं ने पुलिस एवं तहसीलदार को ज्ञापन देकर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

महिलाओं में टीना-राधेश्याम राजपूत, सुमन दांगोड़े, गुलाबबाई बारे, ममता बारे, सीमा तंवर, अनारबाई गोलकर सहित भारी संख्या में महिलाओं ने शराब बिक्री की ओर ध्यान आकर्षित किया। गुरूवार को खुले मैदान में वृक्ष के नीचे सभी समाज की महिलाओं, युवक-युवतियों और ग्रामीणों की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया था। इसके बाद सभी एकजुट हैं और गांव में डोंडी पिटवाकर जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। इस आंदोलन को गांव के युवाओं का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। जब एक शराब विक्रेता ने बबाल किया तो महिलाओं ने डायल 100 वाहन को बुलाकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

लामबंद हो रही नारी शक्ति

आदिवासी अंचल में बेलगाम-अवैध शराब कारोबार से बर्बाद हो रहे परिवारों को बचाने के लिए लामबंद नारी-शक्ति अब गांवों की चौपाल से निकलकर सामूहिक आंदोलन का रूप लेने लगी है। फलस्वरूप बाईंखेड़ा, सांईंखेड़ा से जागरूकता की बयार नेमित गांव तक पहुंच चुकी है। वहां क्रमशः 50 से 51 हजार रूपये के सामाजिक-अर्थदंड और उन्हें पुलिस के सुपर्द करने की चेतावनी का काफी असर दिखाई दे रहा है। ग्राम पंचायत दैवित बुजुर्ग के सरपंच राधेश्याम दांगोड़े ने बताया कि उनकी पंचायत के नेमित गांव की महिलाएं भी घर-घर संपर्क कर व्यापक समर्थन प्राप्त कर रही है। जिससे यह अभियान शराब के अवैध विक्रय और सेवन के खिलाफ सामाजिक जागरूकता की मिसाल बन रहा है। लेकिन अवैध कच्ची-पक्की शराब विक्रेता विवाद कर रहें हैं और चोरी-छुपे शराब विक्रय कर रहें हैं। जिससे ग्रामीणों को पुलिस एवं आबकारी विभाग से बड़ी कार्रवाई का इंतजार है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन व स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं और मातृ-शिशु सुरक्षा को लेकर निर्देश दिये।

बैठक में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि जिन क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता पदस्थ नहीं है, वहां टीम बनाकर कर सर्वे कर शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन तथा टीकाकरण कार्य सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनका उचित प्रबन्धन करें। बैठक में प्रभारी सीईओ इवने ने निर्देश दिये कि सभी गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व समय पर बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती किया जाए ताकि संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया जाए। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 6 अक्टूबर को 19 वर्ष की आयु तक के बच्चों को एलबेण्डाजोल की गोली खिलाई जाएगी तथा इससे छूट गये बच्चों को 9 अक्टूबर को मॉपअप राउण्ड के तहत एलबेण्डाजोल की गोली खिलाई जाएगी। श्री इवने ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कृमि मुक्ति दिवस की सभी पूर्व तैयारियां पूर्ण करें।

सीईओ इवने ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हायपर टेंशन में चिन्हित सभी हितग्राहियों का शतप्रतिशत फालोअप लिया जाए। उन्होने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। बैठक में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और अस्पतालों में दवाओं एवं व्यवस्थाओं की उपलब्धता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैड़ी की शासकीय उचित मूल्य दुकान निलंबित

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन में गड़बड़ी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। बैड़ी गांव की शासकीय उचित मूल्य दुकान को निलंबित कर दिया गया है। दुकान के निरीक्षण में राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं मिलीं और बड़ी मात्रा में अनाज कम पाया गया। इस मामले में दुकान संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज की गई है।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने 5 सितंबर 2026 को शासकीय उचित मूल्य दुकान बैड़ी का अचानक निरीक्षण किया था। जांच में सामने आया कि अगस्त और सितंबर 2026 के दौरान दुकान से जुड़े 444 परिवारों में से सिर्फ 233 परिवारों को ही अनाज बांटा गया। बाकी 211 परिवारों को राशन नहीं मिल पाया। निरीक्षण के दौरान दुकान के स्टॉक और पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक का मिलान किया गया। इसमें 6,996 किलोग्राम गेहूं, 1,812 किलोग्राम चावल, 65 किलोग्राम नमक और 7 किलोग्राम शक्कर कम मिली। इस तरह दुकान पर अनाज के स्टॉक में काफी अंतर सामने आया। इसके अलावा, दुकान में सूचना बोर्ड, स्टॉक और मूल्य सूची बोर्ड, और सतर्कता समिति बोर्ड भी नहीं लगे थे। स्टॉक रजिस्टर, हितग्राही पंजी, शिकायत पंजी और निरीक्षण पंजी भी नहीं मिले। जांच में गंभीर गड़बड़ियां मिलने पर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 की विभिन्न धाराओं और प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन पाया गया। यह मामला आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है। मामले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरदा को रिपोर्ट दी। इसके बाद एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया ने उचित मूल्य दुकान को तत्काल निलंबित करते हुए उसे दूसरी दुकान से जोड़ने के आदेश दिए। साथ ही, विक्रेता चिंतामणी पति दिनेश नागवेल, निवासी बैड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इन निर्देशों के बाद 18 सितंबर 2026 को थाना हंडिया में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

सुगंध दशमी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया

हरदा। दिगंबर जैन समाज के आत्मशुद्धि और साधना के महापर्व दशलक्षण पर्व के छठवें दिन सोमवार को उत्तम संयम धर्म की आराधना श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ की गई। इसी अवसर पर सुगंध दशमी (धूप दशमी) का पर्व भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। नगर के चारों दिगंबर जैन मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजन हुए और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान के समक्ष धूप अर्पित कर आध्यात्मिक साधना की।



कोलकाता से आईं ॐ अर्हम ध्यान योग प्रशिक्षिका अनिता दीदी ने उत्तम संयम धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि संयम स्वयं से जुड़ने और आत्मकल्याण की दिशा में बढ़ने का माध्यम है। मनुष्य यदि संकल्प और संयम से रहित हो जाए तो वह अपनी इच्छाओं, भावनाओं और इंद्रियों का गुलाम बन जाता है। संयम के अभाव में क्रोध, भय, हिंसा और व्याकुलता जैसे भाव जीवन को प्रभावित करते हैं। इसके विपरीत मन, वचन और शरीर पर नियंत्रण तथा इंद्रियों को विषयों से हटाकर आत्मकल्याण की ओर लगाना ही उत्तम संयम की साधना है। उन्होंने कहा कि संयम आत्मा के लिए कवच के समान है, जो कर्मों के बंधन से बचाने में सहायक होता है। जिस प्रकार कछुआ आवश्यकता पड़ने पर अपने अंगों को भीतर समेट लेता है, उसी प्रकार साधक को भी अपनी इंद्रियों को विषयों से समेटकर आत्मचिंतन की ओर बढ़ना चाहिए। जैन दर्शन में संयम को मन, वचन, शरीर तथा इंद्रियों के नियमन से जोड़ा गया है। उत्तम संयम धर्म के साथ सोमवार को धूप दशमी का विशेष पर्व भी मनाया गया। नगर के चारों जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। भगवान जिनेंद्र देव के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक धूप अर्पित की। जैन परंपरा में धूप दशमी के अवसर पर जिनालयों में धूप अर्पित करने की विशेष धार्मिक परंपरा है। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देर शाम श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर में समाज के युवाओं द्वारा विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कई गांवों में चढ़ाई गई ध्वजा

बाबा रामदेव की शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

झिरन्या। रुणीजा के बाबा रामदेव का सोमवार को जन्मोत्सव हर्षोल्लास और बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वहीं भव्य शोभा यात्रा में भारी संख्यां में महिलाएं शामिल हुईं और उनके राजस्थानी धार्मिक भजनों से पूरा माहौल भक्ति रस से सरोबार हो गया।



इस अवसर पर प्राचीन और नए मंदिर में आकर्षक साज सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और रात्री जागरण का आयोजन किया गया। प्रातःकाल मंदिर में भक्त जनों द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई और फिर भक्तजनों ने मन्नतें एवं तुलादान किया। इसके बाद कस्बे के प्रमुख मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें इस भारी संख्या में महिला पुरुष और युवक युवतियां भजनों की धुनों पर थिरक रहे थे। सभी वर्गों द्वारा शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। आयोजन के अध्यक्ष राहुल पवार सहित घनश्याम चौहान, रामा पवार ने आयोजन की सफलता पर आभार माना है। समीपवर्ती ग्राम खोई में रविवार-सोमवार रात्री में बाबा रामदेव के मेले का आयोजन किया गया। इसी तरह मारूगद, कोडीखाल, बांयखेड़ा, आभापुरी, रतनपुर, खारवा, रातलीपुरा, लाखापुर, मवासिया आदि सहित सभी बंजारा बहुल गावों में जागरण और प्रातः काल ध्वजा चढ़ाई गई।



गणेश उत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां

खरगोन। दशोरा महाजन धर्मशाला में गणेश उत्सव के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका दीप्ति शर्मा एवं ज्योति पंवार ने निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल अध्यक्ष कविता गुप्ता ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव ज्योति गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों की उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों का तालियों के साथ स्वागत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। गणेश उत्सव के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को उल्लास और उमंग से भर दिया।

गौर मांगलिक भवन में रक्तदान शिविर, 18 यूनिट रक्त जुटाया



हरदा। श्री राधाकृष्ण मंदिर गौर मांगलिक भवन पीपल्या में रविवार को गौर समाज युवा संगठन के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गणेश उत्सव समितियों के सदस्यों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया। गणेश उत्सव के अवसर पर आयोजित इस शिविर के माध्यम से धार्मिक आयोजन को समाजसेवा से जोड़ा गया। युवाओं और ग्रामीणों ने आगे आकर जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए रक्तदान किया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने वाली सेवा है और ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है। गणेश उत्सव समितियों और ग्रामीणों की सहभागिता से शिविर में रक्तदाताओं ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

बुजुर्ग मां की गुहार पर एसडीएम कोर्ट का फैसला

पांचों बेटों को हर महीने भरण पोषण भत्ता देने का आदेश

हरदा। न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी खिरकिया रजनी वर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और भरण-पोषण को लेकर आदेश जारी किया है। 85 वर्षीय अतिवृद्ध महिला गीताबाई बेवा नर्मदाप्रसाद सोनी, निवासी सिराली की याचिका पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने उनके पांचों पुत्रों को अपनी मां के भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह तय राशि देने का आदेश दिया है। आवेदिका गीताबाई ने एसडीएम कोर्ट में आवेदन देकर बताया था कि वे अत्यधिक वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने, देखने और सुनने में असमर्थ हैं। ग्राम पीपल्या स्थित खसरा नंबर 66/2 (रकबा 3.861 हेक्टेयर) की संयुक्त भूमि में उनका 1/8 हिस्सा दर्ज है। उनके बेटों द्वारा इस जमीन को खोट/बटाई (लीज) पर दिया जाता है और उससे प्राप्त पूरी आय का वे स्वयं उपभोग करते हैं। वृद्ध मां का आरोप था कि जमीन की आय में से उन्हें कोई हिस्सा या आर्थिक मदद नहीं दी जाती, न ही उनका कोई ध्यान रखा जाता है। इतना ही नहीं, जमीन पर बैंक का केसीसी ऋण बकाया है, जिसे भी उनके पुत्र चुकता नहीं कर रहे हैं। मामले की सुनवाई और दस्तावेजों के अवलोकन के बाद एसडीएम कोर्ट ने ह्यमाता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत आवेदिका के पांचों पुत्रों राजेन्द्रप्रसाद, गोपालप्रसाद, गोविन्द, नारायण और प्रमोद सोनी को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अपनी मां को दो-दो हजार रुपये कुल दस हजार रुपये प्रतिमाह नकद या उनके बैंक खाते में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। यदि पुत्र नियमित रूप से यह राशि जमा करने में विफल रहते हैं, तो पीपल्या स्थित खसरा नंबर 66/2 की खोट/बटाई से प्राप्त कुल आय में से मां के हिस्से की राशि सीधे उन्हें प्रदान की जाएगी। आदेश की अवहेलना करने पर अनावेदक के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी वसूली और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जैतापुर संघर्ष समिति द्वारा सनावद रोड के गड्ढों में पौधारोपण व धरना प्रदर्शन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



विगत कई दिनों से सनावद रोड की हालत बद से बदतर हो गई है। नगर पालिका के गड्ढों का यह आलम है कि यदि उसे इंच टेप से नाप किया जाए तो तकरीबन डेट से दो फीट के गड्ढे हो चुके हैं। यहां लगभग हर रोज एक्सीडेंट होते हैं। रोज कोई न कोई व्यक्ति गड्ढों में गिरकर दुर्घटना का शिकार होता है। कई बार आवेदन निवेदन करने के बावजूद नगर पालिका की तरह से कोई समाधान नहीं किया गया है। गड्ढों में बिना फीलिंग किए गिट्टी की चूरी डाल दी जाती है जो दो दिनों में रोड पर आ जाती है और फिर उससे लोग स्लिप होकर गिरते पड़ते हैं। इसलिए जैतापुर की संघर्ष समिति ने एक अनूठी पहल करते हुए जिस प्रकार देश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चल रहा है उसी तर्ज पर 'एक बेशरम का पेड़ खरगोन की बेशर्म नगर पालिका के नाम' सनावद रोड के गड्ढों पर लगाकर पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा।

जैतापुर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजू शर्मा ने बताया कि 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे जैतापुर संघर्ष समिति के सदस्य सनावद रोड पर एस आर पंप पर एकत्रित होंगे और वहां पर से सनावद रोड के गड्ढों पर बेसरम के पौधे लगाते हुए विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास गड्ढों पर पौधारोपण करेंगे और उसके तत्पश्चात वहीं धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जैतपुर संघर्ष समिति के गोविंद राठौड़ देवेंद्र सिंह जादौन सुबोध नागर, केशव कुशवाह, मुकेश रोकड़े, रितेश पटवा विजय राजेंद्र मंडलोई मुकेश गोले नंदूलकर, सुशील भावसार, रितेश गुप्ता महेश शर्मा ओम प्रकाश आर्य अशोक कानूनगो में आमजन से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

विकसित भारत कार्यक्रम में युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा, एवं मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जेड प्लस अकादमी में विभाग द्वारा 'यंग लीडर्स - विकसित भारत' विषय पर युवा संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। खेल समन्वयक सलमा खान ने बताया कि इस दौरान युवाओं के साथ विकसित भारत, युवा नेतृत्व, शिक्षा, खेल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल जागरूकता एवं समाजिक सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नर्सिंग, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, बैंकिंग का कोर्स कर रहे युवाओं ने भी अपने विचार साझा किए तथा समाज के विकास में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीयन किया। युवा कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा मित्तल ने युवाओं को नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच एवं टीम भावना के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए समाज में रचनात्मक बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम में म्यूजिशियन आभा अग्रवाल ने भी सहभागिता की और अपनी प्रस्तुति से युवाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में युवा संवाद, विचार-विमर्श एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अकादमी की पीआरओ अर्चना चौरसिया, अकादमी सीईओ नंदनी दुदवे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

गुफा के रास्ते राम सेतु, बाबा अमरनाथ और महाकाल के रौद्र रूप का दिव्य दर्शन

मोतीपुरा में महाराष्ट्र की तर्ज पर सजी अनूठी झांकी

श्रद्धालुओं के लिए बना आस्था का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मोतीपुरा में इस वर्ष गणेश चतुर्थी का पावन पर्व अद्भुत आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आ रहा है। श्रीराम सेना द्वारा शासकीय स्कूल के पास महाराष्ट्र की प्रसिद्ध उत्सव शैली पर आधारित एक भव्य और नयनाभिराम झांकी का निर्माण किया गया है। धर्मनगरी में इस बार धार्मिक उत्सव के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं को एक बेहद अलौकिक और अद्वितीय अनुभव प्राप्त होने जा रहा है। श्री राम सेना द्वारा शासकीय स्कूल के पास महाराष्ट्र की प्रसिद्ध और पारंपरिक झांकियों की तर्ज पर एक विशाल धार्मिक झांकी तैयार की गई है। इस झांकी की मुख्य विशेषता 'राम सेतु' का निर्माण और उसके भीतर बनाई गई रोमांचक व भक्तिमय गुफाएं हैं, जो क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

गुफा मार्ग से होकर गुजरेंगे श्रद्धालु

आयोजकों के अनुसार, इस बार दर्शन की व्यवस्था बेहद अनूठी रखी गई है। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए एक विशेष गुफा मार्ग से होकर गुजरना होगा। गुफा के भीतर प्रवेश करते ही



भक्तों को प्राचीन काल और आध्यात्मिक वातावरण की प्रत्यक्ष अनुभूति होगी। कलात्मक ढंग से सजाई गई यह गुफा महाराष्ट्र के कुशल कारीगरों की शैली को दर्शाती है। गुफा के भीतर आगे बढ़ते ही श्रद्धालुओं को बर्फीली वादियों जैसे दिव्य वातावरण में 'बाबा अमरनाथ' के पावन दर्शन प्राप्त होंगे। इसके साथ ही, गुफा के मुख्य हिस्से में उज्जैन के अधिपति 'बाबा महाकाल' का अत्यंत प्रभावशाली और भव्य रौद्र रूप स्थापित किया गया है। महाकाल के इस विहंगम स्वरूप के दर्शन कर भक्तजन अभिभूत हो उठेंगे।

राम सेतु की गाथा को जीवंत करती प्रस्तुति

पूरी झांकी को प्रभु श्री राम के ऐतिहासिक सेतु निर्माण (राम सेतु) के प्रसंग पर आधारित रखा गया है। श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओं और आयोजकों ने बताया कि सनातन संस्कृति, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के पराक्रम और भगवान शिव की महिमा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस भव्य झांकी का निर्माण किया गया है। झांकी स्थल पर दर्शनार्थियों की सुविधा सुगम आवागमन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्रवासियों और दूर-दराज से आने वाले सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार पधारकर इस अलौकिक दर्शन का लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।